# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 14 अप्रैल, 2023

## जलयिाँवाला बाग हत्याकांड

जलयिाँवाला बाग हत्याकांड **दविस 2023, उस दु:खद घटना के 104 वर्ष पूरे होने का प्रतीक** है जसिे भारतीय इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जाता है। जलयिाँवाला बाग हत्याकांड एक दु:खद घटना थी जो 13 अप्रैल, 1919 को अमृतसर, भारत में घटति हुई थी, जहाँ **ब्रगिडियिर-जनरल डायर के आदेश पर ब्रटिशि गोरखा सैनकिों ने नहित्थे प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर गोलयिाँ चलाईं, जो करौलेट अधनियिम, 1919 के खलिाफ शांतपूिर्वक प्रदर्शन करने हेतु जलयिाँवाला बाग में एकत्रति हुए थे।** इस घटना के परणािमस्वरूप 1000 से अधकि नरि्दोष पुरुषों, महलिाओं एवं बच्चों की मृत्यु हो गई तथा पूरे देश में व्यापक वरिोध तथा अशांति फैल गई। यह **घटना ब्रटिशि शासन से स्वतंत्रता प्राप्ति हेतु भारत के संघर्ष में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ थी** तथा इसने भारतीयों को एकजुट होने एवं अपने अधकिारों और स्वतंत्रता के लयि संघर्ष करने हेतु प्रेरति कयिा। इस हत्याकांड के कारण ब्रटिशि औपनविशकि नीतयिों की व्यापक रूप से नदिा की गई तथा इस घटना ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमकिा नभिाई। इस घटना ने महात्मा गांधी **के जीवन में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ को भी चह्निति कयिा क्योंकि इसने उन्हें अपना पहला बड़ा अहसिक सवनिय अवज्ञा आंदोलन,** असहयोग आंदोलन **आरंभ करने के लयि प्रेरति कयिा**, जसिने अंततः वर्ष 1947 में भारत की स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त कयिा। आज जलयिाँवाला बाग स्वतंत्रता संग्राम में अनगनित भारतीयों द्वारा कयि गए बलदिानों की याद दलिाता है तथा यह वशि्व भर के लोगों को उत्पीड़न एवं अन्याय के खलिाफ लड़ने हेतु प्रेरति करता है।



**और पढ़ें...** जलयिाँवाला बाग हत्याकांड

## असम के बहिू नृत्य ने दो गनिीज़ वर्ल्ड रकॉर्ड बनाए

असम के बहिू नृत्य ने गुवाहाटी के सुरुसजाई स्टेडयिम में 11,304 नर्तकों और संगीतकारों के प्रदर्शन के साथ दो वशि्व रकॉर्ड तोड़कर इतिहास रच दयिा। **कलाकारों ने दो श्रेणयिों में वशि्व रकॉर्ड बनाने का प्रयास कयिा- सबसे बड़ा बहिू नृत्य प्रदर्शन और लोक संगीतकारों द्वारा सबसे बड़ा प्रदर्शन।** यह **पारंपरकि लोकनृत्य बहिू के लयि** एक महत्त्वपूर्ण क्षण रहा, **जो पूरे असम में लोकप्रयि है** और वशिेष रूप से **बोहाग बहिू या रोंगाली बहिू** (वसंत उत्सव जो अप्रैल के मध्य में असमयिा नववर्ष की शुरुआत को इंगति करता है) के दौरान कयिा जाता है। भारत के राष्ट्रपति ने **वैशाखी, वशिु (केरल और अन्य पड़ोसी क्षेत्रों), नाबा बरशा (पश्चमि बंगाल), पुथंडु-परिप्पु (तमलिनाडु) तथा वैशाखड़ी** सहति पूरे भारत में मनाए जाने वाले वभिन्नि पारंपरकि नववर्ष उत्सवों के अवसर पर बधाई दी है। **बसंत के मौसम में मनाए जाने वाले** ये त्योहार भारत में **वभिन्नि क्षेत्रीय कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरुआत का संकेत** देते हैं। वैशाखी हदिुओं तथा सखिों द्वारा मनाई जाती है और **गुरु गोबदि सहि के** नेतृत्त्व में योद्धाओं के **खालसा पंथ के गठन का प्रतीक**

**है।** ये त्योहार संपूर्ण भारत के विभिन्नि जातियों और धर्मों के लोगों को एक साथ लाते हैं और देश की समृद्ध सांस्कृतिक विविधिता का उत्सव मनाते हैं।

**और पढ़ें...** [रोंगाली बिहू](), [पारंपरिक नववर्ष त्योहार]()

## IAF फ्राँस में आयोजित बहुराष्ट्रीय अभ्यास ओरियन में शामिल होगी

[**भारतीय वायु सेना (IAF)**]() की एक टुकड़ी 17 अप्रैल से 05 मई, 2023 तक फ्राँस में आयोजित होने वाले ओरअिन अभ्यास में भाग लेगी। इस अभ्यास का आयोजन फ्राँस के मॉन्ट डे मार्सन में **फ्रेंच एयर एंड स्पेस फोर्स (FASF) के वायु सेना बेस स्टेशन** पर किया जाएगा। यह अभ्यास [**IAF के राफेल विमान**]() के लिये पहली विदेशी भागीदारी को चिह्नित करेगा। IAF और FASF के अलावा जर्मनी, ग्रीस, इटली, नीदरलैंड, यूनाइटेड किंगडम, स्पेन और संयुक्त राज्य अमेरिका की वायु सेनाएँ भी इस बहुपक्षीय अभ्यास में भाग लेंगी। इस अभ्यास में **भागीदारी से भारतीय वायु सेना अन्य देशों की वायु सेनाओं से सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को आत्मसात कर अपनी कार्यशैली को और समृद्ध** करेगी।

## घाना ने ऑक्सफोर्ड की मलेरिया वैक्सीन R21 को मंज़ूरी दी

**घाना ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के** [**मलेरिया**]() **के** एक नए टीके को मंज़ूरी दे दी है, जिससे वह ऐसा करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है। R21 के रूप में जाना जाने वाला यह टीका घरेलू स्तर पर 5-36 महीने के उन बच्चों के लिये स्वीकृत किया गया है, जिन्हें मलेरिया से मृत्यु का उच्चतम जोखिम होता है। यह स्पष्ट नहीं है कि घाना में वैक्सीन को कब शुरू किया जाएगा क्योंकि [**विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)**]() सहित अन्य नियामक निकाय इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता का आकलन कर रहे हैं। यह वैक्सीन उपयोग के लिये स्वीकृत होने वाली दूसरी मलेरिया वैक्सीन है और अमीर देशों से इतर अफ्रीकी देश में स्वीकृत होने वाली पहली प्रमुख वैक्सीन है। **सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने ऑक्सफोर्ड के साथ प्रतिवर्ष वैक्सीन की 200 मिलियन खुराक तक का उत्पादन करने हेतु समझौता किया है।** WHO ने कहा है कि जिन क्षेत्रों में [**मॉस्क्युरिक्स का टीका**]() दिया गया है वहाँ सभी कारणों से होने वाली बाल मृत्यु दर में 10 प्रतिशत की गिरावट आई है।

**और पढ़ें...**[**विश्व मलेरिया दिवस 2022**]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-14-april,-2023